संख्या-46/215/78-1-2014-02आई0टी0/2014

प्रेषक,

महेन्द्र प्रसाद भारती,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0,
लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक: 19मई,2014

विषय: यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0,(यूपीएलसी) लखनऊ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग की संस्तुतियो के अनुसार पुनरीक्षित वेतन संरचना के आधार पर वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन तथा अन्य भत्ते की स्वीकृत के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0,(यूपीएलसी) लखनऊ के नियमित एवं पूर्णकालिक कार्मिकों को पुनरीक्षित वेतन संरचना दिनांक 01 जनवरी, 2006 से प्रकल्पित आधार पर पुनरीक्षित मानते हुए सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1105/44-1-2009-77/2009, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 के प्रस्तर-(2) (क) के साथ संलग्न अनुलग्नक-1 (प्रति संलग्न) के अनुसार वेतनमान पुनरीक्षित करते हुए पुनरीक्षित वेतन संरचना का वास्तविक लाभ तत्काल प्रभाव से अनुमन्य कराये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, जो निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन होगी:-

(1) यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड के नियमित कार्मिकों को पुनरीक्षित वेतन संरचना दिनांक 1.1.2006 से प्रकल्पित आधार पर पुनरीक्षित करते हुए पुनरीक्षित वेतन संरचना का वास्तविक लाभ सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1 शासनादेश संख्या-1105/44-1-2009-77/2009, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 के प्रस्तर-(2) (क) के साथ संलग्न अनुलग्नक-1 पर संलग्न वेतनमान तालिका में निहित प्राविधान के अनुरूप दिनांक 01 जनवरी, 2006 से प्रकल्पित आधार पर पुनरीक्षित करते हुए पुनरीक्षित वेतन संरचना का वास्तविक लाभ तात्कालिक प्रभाव से अनुमन्य किया जायेगा तथा इस संबंध में कोई एरियर देय नहीं होगा। वेतन पुनरीक्षण पर आने वाले सम्पूर्ण व्यय को यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0 द्वारा अपने संसाधनों से वहन

http://shasanadesh.up.nic.in

किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा इस हेतु उक्त निगम को कोई वित्तीय सहायता नहीं दी जायेगी।

(2) यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड के नियमित कार्मिकों को मकान किराया भत्ता एवं नगर प्रतिकर भत्ते की वही दरें/व्यवस्था, जो राज्य कर्मियों को अनुमन्य हैं, तत्काल प्रभाव से अनुमन्य होंगी।

(3) पुनीक्षित वेतन/भत्तों का वास्तविक लाभ निगम के नियमित कार्मिकों को ही अनुमन्य होगा।

(4) यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0 के कार्मिकों का वेतन निर्धारण सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1105/44-1-2009-77/2009 दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 के प्रस्तर-1(3)(ग) में दी गई व्यवस्था के क्रम में शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-1318/दस-59(एम)/2008, दिनांक 08 दिसम्बर, 2008 के अनुसार किया जायेगा।

2- यह आदेश वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 की अशा0 पंजी संख्या-वे0आ0-2-161/दस-2014, दिनांक 12 मार्च, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
अनु सचिव।

संख्या-46/215(1)/78-1-2014 तददिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार, (लेखापरीक्षा) द्वितीय, उ0प्र0 लखनऊ।
4- प्रमुख सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- निजी सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
8- गोपन अनुभाग-1।

http://shasanadesh.up.nic.in

9- वित्त (व्यय-नियत्रंण) अनुभाग-6

10- वित्त वेतन आयोग-1/2 को (तीन प्रतियों में) ।

11- आई0टी0 एवं इले0 अनुभाग-2

12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in